- कक्षा या कार्यालय या पुस्तकालय या पेक्षागृह या खेल के मैदान आदि में अशांति पैदा करना; शिक्षकों या अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना;
- परीक्षा केंद्र पर किसी भी प्रकार का कदाचार या दुर्व्यवहार;
- विश्वविद्यालय के शिक्षक या किसी कर्मचारी या विश्वविद्यालय के किसी आगंतुक के प्रति किसी भी प्रकार का कदाचार या दुर्व्यवहार;
- विश्वविद्यालय की संपत्ति/उपकरण को नुकसान पहुँचाना, खराब करना या विकृत करना;
- उपरोक्त में से कोई भी कार्य करने के लिए दूसरों को उकसाना;
- छात्रों के बीच भ्रामक बातों या अफवाहों का प्रचार करना;
- छात्रावास के निवासियों द्वारा की गई शरारत, दुर्व्यवहार और/या उपद्र;
- उन स्थानों या क्षेत्रों का दौरा करना जिन्हें छात्रों के लिए प्रतिबंधित 'सीमा से बाहर' घोषित किया गया है;
- विश्वविद्यालय द्वारा जारी पहचान पत्र प्रस्तुत न करना;

- विश्वविद्यालय के कुलानुशासक के कर्मचारी द्वारा आवश्यकता पड़ने पर पहचान पत्र प्रस्तुत करने से या उसे सौंपने से इंकार करना;
- जाति वर्ग, धर्म, नस्ल के आधार पर यौन उत्पीड़न, रैगिंग या भेदभाव का कोई भी कार्य और रूप; तथा,
- कहीं भी कोई अन्य आचरण जो छात्र के लिए अशोभनीय माना जाता है।

अनुशासन के उल्लंघन के दोषी पाए गए छात्र (1) जुर्माना; (2) कैंपस प्रतिबंध; (3) निष्कासन; और (4) निलंबन की सजा के पात्र होंगे।

प्रो टी मोहन दास
कुलानुशासक, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय ई-मेल: proctor@cutn.ac.in

स्वस्थ अभ्यास

"स्वस्थ शरीर में स्वस्थ दिमाग" के लिए प्रयास करना एक आदर्श है

विश्वविद्यालय के अधिकांश छात्रों को स्वस्थ जीवन और शैक्षणिक जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने में कठिनाई होती है। उनके द्वारा दिया जाने वाला बहाना यह है कि उनके पास अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए समय नहीं है जो अंततः उनके समग्र मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यहां कुछ बिंदु दिए गए हैं जिनका अभ्यास छात्रों द्वारा शिक्षा के दौरान एक स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है।

- आहार-पोषक आहार लें। जंक फूड से बचें और पर्याप्त पानी पिएँ। फल और सलाद का नियमित सेवन करें। शराब, धूम्रपान और बहुत अधिक चीनी से बचें।
- व्यायाम – स्वस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करें। शारीरिक सहनशक्ति और मनोरंजन के लिए खुद को विभिन्न प्रकार के खेलों में व्यस्त रखें। अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग का अभ्यास किया जा सकता है।
- नींद-एक दिन में 6-8 घंटे तक सोने की कोशिश करें। बहुत देर तक सोने से बचें और एक ऐसे समय सारणी पर टिके रहें जिससे आपकी सेहत में सुधार हो। सोने से पहले कैफीन से बचें।
- व्यक्तिगत स्वच्छता - नियमित रूप से स्नान करें। खाना खाने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह से धो लें। साफ बर्तनों का प्रयोग करें। अपनी चादर को नियमित रूप से साफ करें। बीमार होने पर उचित दवा लें और आराम करें।
- तनाव – कार्य समय सीमित करें और यथार्थवादी बनें। दिनचर्या बनाए रखने की कोशिश करें। दूसरों से मदद माँगें (मित्र, आचार्य, परामर्शदाता, आदि)। तनाव मुक्त रहने के लिए ध्यान और योग का लाभ उठाएं। शौक के साथ आराम करें।
- मानसिक स्वास्थ्य - अवसाद के लक्षणों को जानें और तनाव को अपने ऊपर हावी न होने दें। अपना आत्मविश्वास बढ़ाने की कोशिश करें और चीजों के बदलने की उम्मीद रखें। अपने दोस्तों और परिवार के संपर्क में रहें। परिसर की गतिविधियों में शामिल हों और कार्यक्रमों के लिए स्वयंसेवक बनें।

परिसर में क्या करें और क्या न करें

क्या करें!

1. नए परिसर में खुद को ढालने का थोड़ा समय दें – शुरुआत में थोड़ा अकेलापन महसूस होना साधारण सी बात है।
2. अपना पहचान पत्र, सभी समय और सभी जगहों पर अपने पास रखें।
3. हमेशा परिसर आपातकालीन संपर्क सूत्र अपने पास रखें।
4. समय के पांबद रहें।
5. सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें। विश्वविद्यालय आपके मानसिक क्षितिज का विस्तार करने का स्थान है।
6. अपने संकाय सदस्यों से मिलकर शंकाओं का निवारण करें।
7. अपने संकाय सलाहकार का परामर्श लें।
8. अपने काम, समय और पैसे के बारे में जिम्मेदार बनें।
9. परिसर छोडते समय अपने स्थान के बारे में विश्वास रखें और जिनसे आप परिख्ति हों, उन्हें सूचित करें।
10. निर्धारित समय पर अपना गृहकार्य/असाइनमेंट्य समय पर पूरा करें।
11. याद रखें कि आप विश्वविद्यालय के शोधार्थी है – अपनी पढ़ाई की जिम्मेदारी लें।
12. चलने के लिए फुट पाथ (सड़क का नहीं) का इस्तेमाल करें।
13. पर्यावरण के प्रति जागरुक रहें- स्थानीय वनस्पतियों और जीवों का सम्मान करें।
14. दूसरों की निजता का सम्मान करें और परानुभूति व्यक्त करें।.
15. अपनी शिकायतों को उचित माध्यम से उठाएँ ।
16. विभाग से संबंधित मामलों के लिए अपने विद्यार्थी – सलाहकार से बातचीत के पश्चात अपने विभागाध्यक्ष को लिखें।
17. छात्रावास संबंधी मामलों के लिए अपने छात्रावास वार्डन को लिखें।
18. इस मामले में समाधान न निकलने पर, संकायाध्यक्ष (छात्र कल्याण) से संपर्क किया जा सकता है।
19. किसी भी परिस्थिति के अधीन में उचित माध्यम से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परिसर के अंदर ही मामलों को सुलझाने की जगह तकेंवि के बाहर की ऐजेंसियों को लिखने के मामले को गंभीरतापूर्वक देखा जाएगा और इसके खिलाफ़ अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।
20. सोशल मीडिया का इस्तेमाल जिम्मेदारी से करें।
21. पुस्तकालय का उपयोग नियमित रूप से करें।
22. मन और मस्तिष्क दोनों में स्वस्थ रहें।
23. परिसर की सांस्कृतिक विविधता का सम्मान करें।
24. सीखें, सीखें और कुछ अधिक सीखें।
25. शैक्षिक उत्कृष्टता हेतु कडी मेहनत करें।
26. अपने परिवार और दोस्तों के साथ संपर्क में रहें।
27. ग्रेड महत्तवपूर्ण है लेकिन वह ही सब कुछ नहीं है। अगर हार महसूस कर रहें हैं तो अपने सलाहकार से बात करें।

क्या न करें!!

1. देर न करें।
2. स्पीकर्स में गाना (या अन्य आवाज़) न बजाए – फोन स्पीकर्स सहित
3. अपने हेड़फोंस ऑन करके सड़क पर न चलें.
4. साँप को न मारें। यदि कोई साँप दिख जाए तो चुपचाप वहाँ से चले जाएँ और/या आपातकालीन नंबर पर कॉल करना।
5. आधारहीन अफवाहें न फैलाएँ

6. तंबाकू, शराब और/या नशीले / मनोरंजक पदार्थों का उपयोग न करें।
7. हानिकारक / फूट डालने वाली गतिविधियों में शामिल न हो।
8. संकाय सदस्यों/विभागाध्यक्षों/प्रशासन द्वारा प्राधिकृत न किए जाने वाले पोस्टरों/फ्लयर्स को न लगाएँ।
9. परिसर के किसी भी इलाके में रात को अकेले न घूमें।
10. अधिक पैसे/मूल्यवान वस्तुओं को पास न रखें
11. मूल्यवान वस्तुओं को कहीं भी लावारिस न छोड़ें

छात्रावास

छात्रावासों के नाम	पुरुष/महिला	कमरों की संख्या
कुरिंजी	महिला	200- सीटर
मुल्लेय	महिला	450- सीटर
आम्बल	पुरुष एवं महिला	033 कमरें
मरुदम	शोधार्थीगण	105 कमरें
तक्केसी	पुरुष	200- सीटर
पंजामम	पुरुष	450- सीटर
अंतर्राष्ट्रीय छात्रावास	पुरुष एवं महिला	

डॉ. एन. राजगोपाल - मुख्य वार्डन (लड़कों का छात्रावास) ईमेल: economicsrajagopal@cutn.ac.in
डॉ. जी. सुधा - मुख्य वार्डन (लड़कियों का छात्रावास) ईमेल: managementsudhasharan@cutn.ac.in
डॉ. इंद्रानिल चट्टोपाध्याय - वार्डन (छात्र) ईमेल: indranil@cutn.ac.in
डॉ. विट्ठल बाबू गुड़िमेटला - वार्डन ((छात्र) ईमेल: vittalbabu@cutn.ac.in
डॉ. दिनकर चल्लाबथुला - वार्डन ((छात्र) ईमेल: dinakarc@cutn.ac.in
डॉ. वी. विथ्या - वार्डन (छात्रा) ईमेल: vvithya@vutn.ac.in
डॉ. प्रीति आर गोतमारे - वार्डन (छात्रा) ईमेल: preetigotmare@cutn.ac.in
डॉ. के.आर.एस. प्रीति मेहर - वार्डन (छात्रा) ईमेल: sumalathabs@cutn.ac.in
डॉ. अनिला सुलोचना - वार्डन (छात्रा) ईमेल: anilasulochana@cutn.ac.in

छात्रावास में उपलब्ध सुविधाएँ

व्यायामशाला: छात्र एवं छात्राओं के दोनों के छात्रावास में एक-एक व्यायामशाला है। व्यायामशाला के उपकरणों में वेविंग मशीन, फ्री वेट्स, इम्बल्स, मेडिसिन बॉल्स, फ्री वेट बार्स, बोक्सिंग पंच बैग, स्टेटिक बाइक इत्यादि शामिल हैं।
वायरलेस इंटरनेट सुविधा (वाईफाई): वर्तमान में बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, मैरिड रिसर्च स्कॉलर्स हॉस्टल, नॉन-मैरिड रिसर्च स्कॉलर्स हॉस्टल में बीएसएनएल इंडिया द्वारा प्रदान की जाने वाली वायरलेस इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध हैं। वायरलेस रूटर एक सामान्य स्थान पर स्थापित किया गया है जिससे छात्रावास के सभी छात्र लाभान्वित हो सके।

खेल सुविधाएँ (इनडोर और आउटडोर): छात्रावासों में कैरम बोर्ड और टेबल टेनिस जैसी इनडोर

सुविधाएँ हैं। इनके अलावा शतरंज खेलने के इच्छुक छात्र शतरंज बोर्ड लेकर छात्रावास के अंदर खेल सकते हैं। आउटडोर खेल के लिए स्टोर रूम में क्रिकेट किट, क्रिकेट मैट, बास्केटबॉल, फुटबॉल, शटल बैडमिंटन रैकेट और कॉर्क उपलब्ध हैं। छात्र रजिस्टर में अपना नाम दर्ज करके और उनका उपयोग बहुउद्देशीय हॉल या खेल मैदान में कर सकते हैं।

मनोरंजन कक्ष (टीवी कमरा): सभी छात्रावासों में एलसीडी टीवी के साथ प्रत्येक सेट-टॉप बॉक्स उपलब्ध है। जिसमें एयरटेल की एक साल की चैनल सदस्यता है। टीवी रूम के अलावा**,** सभी छात्रावासों में विभिन्न भाषाओं में दैनिक समाचार पत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।

ऑन स्पॉट तकनीशियन (इलेक्ट्रीशियन और प्लंबर): सभी छात्रावासों को बिजली और प्लंबिंग के मुद्दों के लिए चौबीसो घण्टे सेवा सहायता दी जाती है।

सुरक्षा: सभी छात्रावासों को सुरक्षा गार्ड प्रदान किए गए हैं जो शिफ्ट-आधारित कार्य शेड्यूल को बनाए रखते हुए चौबीसों घंटे काम करते हैं। छात्रावास के सभी परिसरों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।

जेनरेटर की सुविधा : सभी छात्रावासों में 24 घंटे निर्बाध बिजली उपलब्ध हैं।

पेयजल सुविधा: छात्रों एवं छात्राओं के भोजनालय में ठंडे एवं गर्म पानी की सुविधा के साथ आरओ सिस्टम द्वारा उपलब्ध हैं। डाइनिंग हॉल: छात्रों और छात्राओं के छात्रावासों में डाइनिंग हॉल की सुविधा भी उपलब्ध हैं। प्रत्येक हॉल में एक बार में 150 छात्र बैठ सकते हैं।

* भोजनालय की शुल्क संरचना: भोजनालय का दर प्रति दिन **63.75** रुपये है - नाश्ता-**16,** दोपहर का भोजन -**30,** रात का खाना-**17.75**। **(***परिवर्तन के अधीन**)**
हाउसकीपिंग और रखरखाव: सभी छात्रावासों को साफ और स्वच्छ रखने के लिए अत्यंत सावधानी बरती जाती है। छात्रावास के सभी परिसरों की नियमित रूप से सफाई की जाती है। स्वस्थ रहने और छात्रावास को साफ-सुथरा रखने के लिए कचरे को नियमित रूप से हटाकर उचित तरीके से निपटाया जाता है।
प्रत्येक छात्रावास में रखे गए रजिस्टरों की सूची निम्नलिखित है:

1. आगंतुक पंजिका
2. वार्डन दौरा पंजी
3. रैगिंग – विरोधी स्क्वॉड दौरा पंजी
4. रैगिंग – विरोधी शिकायत पंजी
5. छात्रावास आरओ जल संयंत्र की जाँच पंजी
6. भोजनालय भण्डार पंजी
7. उपस्थिति पंजी (सभी छात्रावासों के लिए)
8. विद्यार्थियों की भोजन संबंधी शिकायत पंजी
9. भोजन जाँच एवं शिकायत पंजी
10. उपस्थिति पंजी
11. छात्रावास कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी
12. छात्रों के इन-आउट पंजी (सुरक्षा द्वारा अनुरक्षित)
13. छात्रों की शिकायत पंजी

छात्रावास के नियमों और विनियमों की मुख्य विशेषताएँ

छात्रावास को "विश्वविद्यालय भवन" के रूप में भी जाना जाता है, जिसका अर्थ है विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित छात्रों का निवास स्थान। किसी भी प्रकार की रैगिंग प्रतिबंधित है। रैगिंग के लिए छात्रावास से निष्कासन, परीक्षा से वंचित करने से लेकर प्रवेश रद्द करने तक की सजा का प्रावधान है। रैगिंग को एक गंभीर अपराध माना जाएगा और यूजीसी के वर्तमान नियमों के अनुसार निपटा जाएगा।

- निवासी अपने मेहमानों या आगंतुकों को छात्रावास में कोई अशांति या अन्य उपद्रव पैदा करने की अनुमति नहीं देंगे जो दूसरों की भलाई में हस्तक्षेप करें।
- छात्रावास परिसर में धूम्रपान, पान खाना और इधर-उधर थूकना, शराब और/या नशीली दवाओं का सेवन सख्त वर्जित है।
- निवासियों के पास अपने कब्जे/संग्रह में सिगरेट का पैकेट, शराब और अन्य नशीला/मादक पदार्थ का खाली कंटेनर/बोतल नहीं होना चाहिए।
- निवासियों को छात्रावास/विश्वविद्यालय परिसर में निवासियों को जुआ खेलने की अनुमति नहीं है। निवासियों को छात्रावास परिसर में किसी भी पालतू जानवर को रखने या आवारा जानवरों को खिलाने / देखरेख करने की अनुमति नहीं है।
- संबंधित वार्डन की पूर्व और लिखित सहमति के बिना छात्रावास परिसर में सामाजिक सभा की अनुमति नहीं है।
- क्षेत्र, धर्म, जाति, पंथ, विचारधारा या राजनीतिक दल के आधार पर छात्रावास के निवासियों के किसी भी संघ का गठन करने की अनुमति नहीं है।
- हाथापाई, सामूहिक लड़ाई, धमकी या हिंसा, जान-बूझकर संपत्ति को नुकसान पहुँचना या नशे में व्यवहार जैसे कार्य एक गंभीर अपराध माने जायेंगें।
- बीमारी और दुर्घटना जैसे हर मामले की सूचना तुरंत छात्रावास अधिकारियों को दी जानी चाहिए। संक्रामक रोग से पीड़ित छात्रों को छात्रावास में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में मुख्य वार्डन का निर्णय अंतिम होगा। मुख्य वार्डन की अनुमति के बिना छात्रावास परिसर में कोई समारोह या उत्सव आयोजित नहीं किया जाएगा।
- तोड़फोड़ एक गंभीर अपराध है और किसी को भी इस तरह के कृत्य करने या उसका साथ देने पर दोषी पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है और / या छात्रावास से निष्कासित किया जा सकता है।
- सुरक्षा कर्मियों, देखभाल करने वालों और छात्रावास अधिकारियों के साथ दुर्व्यवहार करना बर्बरता के बराबर माना जाएगा।
- छात्रावास परिसर के बाहर हिंसा या दुराचार के कार्य में पाए जाने वाले निवासी छात्र छात्रावास या विश्वविद्यालय के अधिकारियों की जिम्मेदारी नहीं है। ऐसे मामलों में निवासी छात्र स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।
- छात्रावासों के सुचारू संचालन के लिए निवासियों को समय-समय पर कुलपति, कुलसचिव, मुख्य वार्डन और वार्डन द्वारा दिए गए किसी भी निर्देशों का पालन करना चाहिए।
- छात्रावास परिसर को साफ रखने के लिए निवासी जिम्मेदार हैं। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने कमरे, भोजनालय, कॉमन रूम, आगंतुक कक्ष, सीढ़ीयाँ और स्नानघर को हर समय साफ रखें।
- निवास के लिए आवंटित किसी भी कमरे में इमर्शन हीटर, एलपीजी/इलेक्ट्रिक स्टोव/हीटर जैसे बिजली के उपकरणों का उपयोग वर्जित है। कमरे में खाना बनाना, चाय बनाना आदि सख्त वर्जित है।
- छात्र को प्रदान की गई कमरे की चीज़ों को जाँचकर चेक इन/चेक आउट फॉर्म पर पृष्ठांकित करें। किसी भी गुम या क्षतिग्रस्त सामान की सूचना तुरंत छात्रावास प्राधिकरण को दी जानी चाहिए। अन्यथा, यह मान लिया जाएगा कि सभी साधन और फिटिंग अच्छी स्थिति में हैं। इसके

बाद किसी भी प्रकार की हानि या क्षति के लिए छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

- निवासी अपने सामान की सुरक्षा के लिए व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार होंगे। निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने निजी सामान और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को अपने निजी लॉकर में बंद रखें, भले ही वे थोड़े समय के लिए बाहर हों।
- किसी भी वस्तु के खो जाने या चोरी होने की सूचना शीघ्र ही छात्रावास प्राधिकारी को दी जानी चाहिए। छात्रावास अधिकारियों किसे पूर्व अनुमति लेने से पहले छात्र द्वारा कोई पुलिस शिकायत दर्ज नहीं कराई जाएगी।
- छात्रावास प्राधिकरण छात्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और उचित आचरण के हित में छात्रावास में प्रवेश करने और निरीक्षण करने का अधिकार रखते हैं। अत: छात्रों को पूर्व सूचित किए बिना ही छात्रों की मौजूदगी एवं गैर मौजूदगी में प्राधिकारियों द्वारा किसी भी समय प्रवेश किया जा सकता है, यदि आपातकालीन, स्वास्थ्य या सुरक्षा परिस्थितियों में ऐसी प्रविष्टि की आवश्यकता होती है या यदि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि कोई पदार्थ, सामग्री या वस्तु है इन नियमों और विनियमों द्वारा कानून द्वारा निषिद्ध किसी भी तरीके से परिसर में रखा या इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसी कोई भी पदार्थ या वस्तु विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के जब्त की जा सकती है। इस तरह के निष्कासन की कोई भी आवश्यक लागत निवासी(यों) की जिम्मेदारी होगी जिन्होंने निषिद्ध पदार्थ या वस्तु को पेश किया।
- निवासियों को सुबह 05.00 बजे से पहले और रात में 10.15 बजे के बाद छात्रावास परिसर से बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। किसी भी परिस्थिति में प्रवेश/रात्रि निकास की सूचना वार्डन को अग्रिम रूप से दी जानी चाहिए और अनुमति प्राप्त की जानी चाहिए।
- छात्रावास के निवासी जो सप्ताहांत/त्योहारों/छुट्टियों/स्वास्थ्य समस्याओं के दौरान या किसी अन्य कारण से घर जाते हैं, उन्हें अपना अवकाश पत्र व्यक्तिगत रूप से छात्रावास कार्यालय में जमा करना चाहिए। यदि छात्रावास कार्यालय में छुट्टी पत्र जमा नहीं किया जाता है तो उपस्थिति पंजिका में उनके नाम के आगे "अनुपस्थित" अंकित किया जाएगा।
- **भोजनालय का समय**:
    - नाश्ता: पूर्वाह्न 07:30 बजे से 08:30 बजे तक
    - दोपहन का भोजन: मध्याहन 12:30 बजे से 02:00 बजे तक
    - रात का भोजन: सायंकाल 07:30 बजे से 08:30 बजे तक
- नोट: भोजनालय का समय परिवर्तनाधीन है।
- छात्रों के लिए प्रत्येक भोजन पर अपने हस्ताक्षर पंजीकृत करने के लिए विश्वविद्यालय या निजी पार्टी या सहकारी समिति द्वारा एक आहार पंजिका बनायी जा सकती है।
- मेस वार्डन की अनुमति से मेस में छूट/कमी का प्रावधान उपलब्ध होगा।
- मेस में छूट/कमी तभी प्रदान की जाएगी जब निवासी स्टेशन/विश्वविद्यालय से बाहर जाता है, जिसके लिए छात्रावास वार्डन/छात्रावास कार्यालय को अवकाश पत्र में जमा करना होता है। निकासी द्वारा मेस में छूट/कमी के लिए आवेदन स्टेशन छोड़ने से कम से कम 24 घंटे पहले व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मेस कमेटी में वार्डन और ब्लॉक से एक प्रतिनिधि या अध्ययन के प्रत्येक वर्ष के एक छात्र मिलकर मेस के सुचारू कामकाज, सफाई और भोजन की गुणवत्ता की देखरेख करते हैं।
- निवासी निम्नलिखित ईमेल आईडी या मोबाइल/टेलीफोन नंबरों के माध्यम से संबंधित वार्डन को अपनी शिकायतों से अवगत करा सकते हैं; के छात्रावास: hosteloffice@cutn.ac.in या 04366-277279; लड़कियों के छात्रावास: ghwarden@cutn.ac.in or 04366- 277278.
- किसी निवासी (यों) को किसी भी प्रकार भी शिकायत को रेसिडेंट वार्डन/वार्डन को भेजना चाहिए, जो शिकायत की प्रकृति के आधार पर यह सुनिश्चित करेगा कि यह उसके द्वारा त्वरित तरीके से संसाधित किया गया है। यदि निवासी/निवासी वार्डन/वार्डन द्वारा की गई कार्रवाई से

संतुष्ट नहीं हैं तो वे विश्वविद्यालय के कुलसचिव/कुलपति के समक्ष इसका प्रतिनिधित्व करने से पहले अपनी शिकायत को मुख्य वार्डन को लिखित रूप में सूचित करने के लिए स्वतंत्र हैं।

नियमों के उल्लंघन का प्रकार एवं सजा

उल्लंघन का तरीका	सजा
फर्नीचर और फिटिंग का नुकसान	फर्नीचर और फिटिंग की लागत वसूल की जाएगी
तकेंवि की संपत्ति (विद्युत / सिविल / प्लंबिंग फिटिंग, फर्नीचर) को जानबूझकर खराब करने पर।	क्षतिग्रस्त वस्तु की कीमत का दोगुना।
विद्युत शक्ति का अनधिकृत छेड़छाड़	1000/- तक का जुर्माना लगाया जा सकता है
छात्रावास परिसर के भीतर दुर्व्यवहार जैसे छात्रावास कर्मचारियों को आदेश जारी करना, मेस कर्मचारियों के साथ हस्तक्षेप आदि।	वार्डन/छात्रावास समिति द्वारा प्रदान की गई रिपोर्ट के आधार पर एक निर्धारित अवधि के लिए निलंबन
देर से प्रवेश यानि रात 10:15 बजे के बाद संबंधित छात्रावासों में प्रवेश।	एक सेमेस्टर में तीन बार सख्त चेतावनी के साथ संबंधित छात्रावास में अनुमति दी जाएगी और उसके बाद 1500/- रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। जुर्माने का भुगतान संबंधित छात्र को अपने माता-पिता/अभिभावक के साथ आकर करना होगा। यदि छात्र अपने छात्रावास में पाँचवी बार देर से प्रवेश करते हुए पाया जाता है तो उसे छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा।
बैठक बुलाने या जुलूस निकालने आदि की सूचना देना।	वार्डन/छात्रावास प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के आधार पर एक निर्धारित अवधि के लिए निलंबन
अपने छात्रावास के अन्य साथियों को चिल्लाकर शोर करने, देर रात पार्टी/जन्मदिन मनाते हुए आदि से परेशान करना।	वार्डन/छात्रावास समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी रिपोर्ट के आधार पर एक निश्चित अवधि के लिए निलंबन या छात्रावास से स्थायी निष्कासन
हाथापाई, समूह लड़ाई या धमकाना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
निवासी द्वारा चेकिंग के उद्देश्य से कमरे में आए किसी छात्रावास प्राधिकरण को प्रवेश करने से इनकार करना, आपत्ति करना या बाधा डालना।	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
निवासियों को छात्रावास परिसर में खाना पकाने या खाना पकाने के उपकरण जिसमें हीटर, बर्तन, स्टोव आदि शामिल हैं, के साथ पाया जाना	अपने कमरे में खाना पकाने और/या खाना पकाने के उपकरण (उपकरणों) को रखने वाले निवासियों पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। खाना पकाने के उपकरण छात्रावास प्राधिकरण द्वारा जब्त कर लिए जाएँगे।

वार्डन और/या माता-पिता की पूर्व अनुमति के बिना छात्रावास से अनाधिकृत छुट्टी लेना/छात्रावास से अनुपस्थिति, जैसा भी मामला हो	लिखित/मौखिक चेतावनी जारी की जाएगी और अपने माता-पिता/अभिभावकों को बुलाने के लिए कहा जाएगा।
छात्रावास अधिकारियों को अपने कर्तव्यों का पालन करने में बाधा उत्पन्न करना।	वार्डन/छात्रावास प्राधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई गई रिपोर्ट के आधार पर एक निश्चित अवधि के लिए निलंबन।
छात्रावास या विश्वविद्यालय परिसर के भीतर विरोध/ हिंसा को भड़काना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
छात्रावास या विश्वविद्यालय की संपत्तियों को जानबूझकर नुकसान पहुँचाना या ऐसा कुछ भी करना जिससे ऐसी किसी भी संपत्ति के क्षति पहुँचे।	कार्यवाही की सामान्य वसूली के अतिरिक्त जुर्माना लगाना
अपने साथियों या जूनियर्स की रैगिंग करना	छात्रावास एवं विश्वविद्यालय से स्थायी निष्कासन एवं घटना की सूचना पर आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस में दर्ज करायी जायेगी।
चोरी, अनैतिक कार्य, छात्रावास/मैस स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार, जातिवाद या श्रेणी का प्रसार आदि के किसी भी कार्य में शामिल होना	छात्रावास एवं विश्वविद्यालय से स्थायी निष्कासन एवं घटना की सूचना पर आवश्यक कार्यवाही हेतु पुलिस में दर्ज करायी जायेगी
छात्रावास के कमरों को किसी भी रूप में बदलना जैसे पोस्टर चिपकाना, नारे लगाना/ खरोंचना/लिखना, पेंटिंग करना और लिखना आदि।	1000/- रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है या पूरी दीवार/छत/फर्श, जिस पर चित्र/ड्राइंग/लेखन/खरोंच की गई है, के लिए 350 रुपये प्रति वर्ग फुट का भुगतान किया जा सकता है।
खतरनाक हथियार, किसी भी तरह के नशीले पदार्थ, जहरीली चीजें, पटाखे, आग्नेयास्त्र, प्रतिबंधित सामान या उपकरण जो दूसरों को गंभीर चोट पहुंचा सकते हैं	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
छात्रावास परिसर के भीतर अवैध और अनैतिक गतिविधियों में लिप्त होना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
एक निजी नौकर या पालतू जानवर को शामिल करना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
पालतू जानवर रखना, आवारा जानवरों को भोजन देना या पालना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
बर्बरता	2000/- रुपये तक का जुर्माना और छात्रावास से निश्चित अवधि के लिए निलंबन उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर दोनों।
पूर्व अनुमति के बिना निर्धारित अवधि से अधिक	2000/- तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

छात्रावास के कमरे में रहना	छात्रावास समिति द्वारा निष्कासन की सिफारिश की जा सकती है।
मेहमानों को बिना पूर्व सूचना या अनुमति के छात्रावासों में रात भर रहने की अनुमति देना	2000/- तक का जुर्माना लगाया जा सकता है
बाहरी लोगों को अनाधिकृत आश्रय देना/अवांछित तत्वों को छात्रावास परिसर में आमंत्रित करना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
लड़कियों के छात्रावास में लड़कों का प्रवेश लड़कों के छात्रावास में लड़कियों का।	1000/- तक का जुर्माना लगाया जा सकता है
अश्लील साहित्य/वीडियो फिल्मों की स्क्रीनिंग/अपने कब्जे में रखना	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
वार्डन को पूर्व सूचना के बिना परस्पर कक्ष का विनिमय	2000/- तक का जुर्माना लगाया जा सकता है
छात्रावास और विश्वविद्यालय परिसर के भीतर मादक / पेय या किसी भी प्रकार के पदार्थ, मादक दवाओं, धूम्रपान, चबाने और थूक का सेवन या सिगरेट, शराब और अन्य नशीला / मादक पदार्थ के खाली कंटेनर / बोतल / पैकेट का कब्जा	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन
क्षेत्र, जाति या श्रेणी के नाम पर छात्रों के संघ का गठन	तत्काल नोटिस पर छात्रावास से स्थायी निष्कासन

लगाया गया जुर्माना हर एक का है। छात्रावास में रहने की अवधि के दौरान उपरोक्त में से किन्हीं तीन उल्लंघनों के लिए दंडित किए गए निवासियों को छात्रावास से निष्कासित कर दिया जाएगा और सभी आगामी सेमेस्टर / अध्ययन के कार्यक्रम के लिए छात्रावास आवास प्रदान नहीं किया जाएगा।

छात्रावास के नियमों और विनियमों के लिए:
https://cutn.ac.in/wp-content/uploads/2022/08/Hostel_Rules_and_Regulations_29082022.pdf

तकेंवि का स्वास्थ्य केंद्र

स्वास्थ्य केंद्र और नैदानिक प्रयोगशालाएँ, छात्राओं के 300-सीटों के नये छात्रावास एनेक्सचर, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्थित है।

स्वास्थ्य केंद्र निम्नलिखित सुविधाओं से सुसज्जित है

- लड़कों और लड़कियों के लिए अलग परामर्श कक्ष और अलग-अलग इन-पेंश्न्ट्स कमरे हैं।.
- फार्मेसी अनुभाग जहाँ अधिकांश आवश्यक दवाएँ निःशुल्क प्रदान की जाती हैं।.

- मल्टीपारा मॉनिटर, वॉल्यूमेट्रिक इन्फ्यूजन पंप, 12 लीड ईसीजी मशीन, ऑक्सीजन की आपूर्ति, बाइफैसिक डीफिब्रिलेटर, पोर्टेबल सक्शन मशीन आदि के साथ आपातकालीन देखभाल सुविधा।
- सीबीसी, ब्लड ग्लूकोज, लिपिड प्रोफाइल, रीनल फंक्शन टेस्ट, लिवर फंक्शन टेस्ट, सीरम इलेक्ट्रोलाइट्स आदि जैसी नैदानिक प्रयोगशाला सुविधाएं।
- मामूली प्रक्रियाओं जैसे फोड़ा निकालना, चीरा और जल निकासी, लिपोमा हटाने, सिलाई और बाँझ ड्रेसिंग आदि के इलाज के लिए लघु ओटी.
- मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन और अन्य श्वसन जटिलताओं जैसी आपातकालीन स्थितियों के इलाज के लिए आपातकालीन दवाएं।
- आपातकालीन समय के दौरान किसी भी बिजली कटौती से बचने के लिए सभी उपकरण निर्बाध बिजली आपूर्ति से जुड़े हैं।
- उपचार के दौरान परिवेश के तापमान को बनाए रखने के लिए वातानुकूलन सुविधा।

चिकित्सा अधिकारी

डॉ के विष्णु प्रिया
डॉ आर सोमी
डॉ. ढिलिफन राजा एम
डॉ. विग्नेश्वरन के

परिचारिका अधिकारी
श्रीमती आर रेवती
24 घंटे आपातकालीन संपर्क - 0094 4248 8404 | 04366 277566
ईमेल: healthcenter@cutn.ac.in, mo@cutn.ac.in

स्वास्थ्य केंद्र/एम्बुलेंस से संपर्क: 94424 88404 आपात स्थिति के लिए चिकित्सा केंद्र में एम्बुलेंस उपलब्ध है, यदि कोई हो। कार्य समय 24x7.

तकेंवि में खेल-कूद की गतिविधियाँ

खेल-कूद, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण को आकार देते हुए छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने में मदद करते हैं। यह क्षणभर में ही निरीक्षण, विश्लेषण और न्याय करने की क्षमता को तेज करने में मदद करता है। टीम आयोजनों द्वारा टीम भावना, सहयोगात्मक कार्य और समन्वय जैसे महत्वपूर्ण गुण सीखें जा सकते हैं। ये सभी सामाजिक और व्यावसायिक जीवन में आत्मविश्वास और निडरता का विकास करने हेतु अत्यंत आवश्यक है। खेल-कूद की महत्वपूर्ण भूमिका बुनियादी ढाँचे का निर्माण और व्यापक खेलों के लिए क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के साथ-साथ दक्षिण क्षेत्रीय अंतरविश्वविद्यालय टूर्नामेंट और राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा आयोजनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए है। उन्नत बुनियादी ढाँचों, उपकरण और वैज्ञानिक सहायता की बढती माँग को ध्यान में रखते हुए, खेल ने कई पहल की हैं, और खिलाडियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए वैज्ञानिक और उपकरण की सहायता के साथ प्रशिक्षण और साथ-साथ उनका मनोबल बढ़ाने के लिए नकद पुरस्कार आदि प्रदान कर रहा है।

तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय, छात्रों और कर्मचारियों के लिए अच्छी खेल-कूद की सुविधाओं से सुसज्जित है और छात्र समुदाय के हितलाभ के लिए बुनियादी ढाँचों को विकसित करने में सक्रिय है। क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक जैसे ईवेंट के लिए सुविधाएँ उपलब्ध हैं। बहु-उद्देशीय कक्ष में टेबिल टेनिस, शटल बैडमिंटन, चेस के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य के लिए इंडोर सुविधाएँ उपलब्ध है। छात्र नियमित रूप से इंटरामूरल और एक्स्ट्रामूरल प्रतियोगिताओं में भाग लेते है। खेल और ऐथ्लेटिक्स ईवेंट से संबंधित प्रशिक्षण उपकरण खेल कार्यालय में उपलब्ध हैं।

मल्टी स्पोर्ट्स कौम्प्लेक्स में वॉलिबॉल कोर्ट-2, बास्केट बॉल-2, टेनिकोइट कोर्ट-1, लॉन टेन्निस-1, एथलेटिक का मानक ट्रेक 400 मीटर, क्रिकेट का मैदान और इंडोर खेल बैडमिंटन कोर्ट और टेबल टेनिस शामिल हैं। खेल की अन्य सुविधाएँ परिसर में शीघ्र ही प्रदान की जाएँगीं। स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ शरीर सुनिश्चित करने हेतु विश्वविद्यालय में एक शारीरिक फिटनेस सेंटर संचालित किया गया है। छात्र और संकाय सदस्य नियमित रूप से ही खेल विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय की जिम सुविधाओं का उपयोग करते हैं। लडकों और लडकियों के लिए अलग-अलग जिम की सुविधा उपलब्ध है। व्यायाम के लिए आवश्यक सभी उपकरण केंद्र में उपलब्ध है।

खेल-कूद के समन्वयक

डॉ. दिनकर चल्लाबथुला, सहायक आचार्य, जैवप्रौद्योगिकी विभाग

विश्वविद्यालय का अतिथि गृह

तकेंवि का अतिथि गृह तकेंवि के आवासीय परिसर में कुलपति निवास के सम्मुख स्थित है। तकेंवि आवासीय परिसर तिरुवारूर-मैलाडुथुरै हाईवेरोड से मात्र 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्राथमिक रूप से ये अतिथि गृह, तकेंवि के अतिथि अधिकारियों, चयन समिति, पाठ्य समिति के सदस्यों, परीक्षकों, पीएच.डी की मौखिक परीक्षा और अन्य कक्षाओं के विशेषज्ञों, अतिथि संकायों और भाषाविद्, विश्वविद्यालय, केंद्रों और विभागों द्वारा आयोजित संगोष्ठियों / कार्यशालाओं / परिसंवादों / सम्मेलनों / प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए आमंत्रित प्रतिभागियों और समय-समय पर तकेंवि के संकाय सदस्यों और गैर-शैक्षिक सदस्यों के अतिथियों, छात्रों के माता-पिता / अभिभावकों के लिए उपलब्ध है।

अभी, अतिथियों के लिए अतिथि गृह आवास दो अलग-अलग ब्लॉक में प्रदान किया जा रहा है जिसके प्रत्येक ब्लॉक में 3 बेडरूम हैं। प्रत्येक अतिथि गृह ब्लॉक में सामान्य कक्ष, रसोई घर, भोजनकक्ष और अलग से वाहन पार्क करने हेतु शेड है। हालाँकि नाश्ता, भोजन, रात्रिभोज (डिनर) केवल मुख्य ब्लॉक में ही दिया जाता है। प्रत्येक कमरे में दो बेड (बिस्तरें) एक एलसीडी टीवी, एसी और अन्य बुनियादी फर्नीचरों से सुसज्जित है। अतिथिगृह सुरक्षित और स्वच्छ परिवेश प्रदान करता है व्यावसायिक तथा सहायक कर्मचारियों द्वारा इसकी देखभाल की जाती है। जो हर समय हमारे मेहमानो / अतिथियों के लिए उपस्थित है। रुफ गार्डन और वाई-फाई की व्यवस्था भी की गई है।

अतिथि गृह (प्रभारी)
डॉ. अंकति रघु
सह-आचार्य एवं विभागाध्यक्ष
पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग
ईमेल: guesthouse@cutn.ac.in
दूरभाष (कार्यालय): 9442488408

तकेंवि बस का समय

समय	बस 1	बस 2	बस 3
8.30 पूर्वाह्न	कंगलांचेरी	-	-
9.00 पूर्वाह्न	एमपी हॉल के रास्ते शटल	-	शटल
9.30 पूर्वाह्न	शटल	एमपी हॉल के रास्ते कंगलांचेरी	-
10.00 पूर्वाह्न	-	शटल	शटल
10.30 पूर्वाह्न	शटल	-	-
11.00 पूर्वाह्न	-	शटल	-
11.30 पूर्वाह्न	-	-	शटल
12.00 अपराह्न	शटल	-	-
12.30 अपराह्न	-	शटल	-
1.00 अपराह्न	शटल	-	शटल
1.30 अपराह्न	शटल	शटल	-
2.00 अपराह्न	-	शटल	शटल
2.30 अपराह्न	शटल	-	शटल
3.00 अपराह्न	-	शटल	-
3.30 अपराह्न	शटल	-	-
4.00 अपराह्न	शटल	-	कंगलांचेरी
4.30 अपराह्न	-	शटल	-
5.00 अपराह्न	शटल	-	कंगलांचेरी
5.30 अपराह्न	-	-	कंगलांचेरी

शनिवार/रविवार यात्राएँ

मार्ग: तकेंवि का प्रवेश द्वार – कंगलांचेरी - सेंतमंगलम - नॉर्थ स्ट्रीट – पुराना बस स्टैंड - रेलवे स्टेशन

से (पिक अप)	समय	तक (ड्रॉप)	समय
तकेंवि का प्रवेश द्वार	10.00 पूर्वाह्न	तिरुवारूर बस स्टैंड	10.30 पूर्वाह्न
तकेंवि का प्रवेश द्वार	12.00 अपराह्न	तिरुवारूर बस स्टैंड	12.30 अपराह्न
तकेंवि का प्रवेश द्वार	2.00 अपराह्न	तिरुवारूर बस स्टैंड	2.30 अपराह्न
तकेंवि का प्रवेश द्वार	4.30 अपराह्न	तिरुवारूर बस स्टैंड	5.00 अपराह्न

मार्ग: रेलवे स्टेशन – पुराना बस स्टैंड - नॉर्थ स्ट्रीट – सेंतमंगलम – कंगलांचेरी - तकेंवि का प्रवेश द्वार

से (पिक अप)	समय	तक (ड्रॉप)	समय
तिरुवारूर बस स्टैंड	11.00 पूर्वाह्न	तकेंवि का प्रवेश द्वार	11.30 पूर्वाह्न

तिरुवारूर बस स्टैंड	3.00 अपराह्न	तकेंवि का प्रवेश द्वार	3.30 अपराह्न
तिरुवारूर बस स्टैंड	5.30 अपराह्न	तकेंवि का प्रवेश द्वार	6.00 अपराह्न

शटल यात्रा मार्ग:
एनएलबीएस-प्रशासनिक ब्लॉक-फ्लैग राउंडअबाउट-प्रवेश द्वार- फ्लैग राउंडअबाउट- एमपी हॉल – ओजीएच (जंक्शन) – एनजीएच (जंक्शन) – खेल सुविधाएं केंद्र – ओबीजी (जंक्शन) – एमआरएसएच – एनएमआरएसएच-एनबीएच (जंक्शन) – एनएलबीएस – प्रशासनिक ब्लॉक
* यदि छात्रों के लिए कोई विशेष यात्रा आयोजित की जाती है/आस-पास के स्थानों की यात्रा/रखरखाव किया जाता है तो उस विशेष स्लॉट के लिए शटल यात्रा बाधित हो सकती है।
नोट:

1. बस संबंधित जगह पर ही रूकेगी। निर्धारित समय को बनाए रखने के लिए, स्टॉप के अलावा बीच में रुकने की अनुमति नहीं है।
2. शटल यात्रा में छात्रों की संख्या केवल 33 तक सीमित है; छात्रों को विश्वविद्यालय के अनुशासन को बनाए रखने की जरूरत है।
3. उपर्युक्त बस के समय को आवश्यकता के अनुसार संशोधित किया जा सकता है।
4. शाम को कंगलांचेरी तक की यात्रा केवल बाहर रहने वाले शोधार्थियों के लिए है।
5. छात्र इस शटल सेवा की सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं।
6. हमेशा अंतिम शटल सेवा में अधिक छात्र भरे होते हैं। इसलिए, छात्रों को सूचित किया जाता है कि वे अंतिम शटनल की प्रतिक्षा न करें।

निजी एवं सरकारी बस का समय:

तकेंवि के रास्ते से निजी बस का आवागमन:

- पूर्वाह्न 9:00 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग पूर्वाह्न 9:20 बजे)
- पूर्वाह्न 9:35 बजे एट्टायलूर से तिरुवारूर ((तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग पूर्वाह्न 9.50 बजे)
- पूर्वाह्न 10:30 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग पूर्वाह्न 11:10 बजे)
- पूर्वाह्न 11:25 बजे एट्टायलूर से तिरुवारूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग पूर्वाह्न 11:45 बजे)
- अपराहन 1:00 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 1:30 बजे)
- अपराहन 1:50 बजे एट्टायलूर से तिरुवारूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 2:15 बजे)
- अपराहन 3:45 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 4:15 बजे)
- अपराहन 4:45 बजे एट्टायलूर से तिरुवारूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 5:15 बजे)
- अपराहन 5:30 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 6:00 बजे)
- अपराहन 6:15 बजे एट्टायलूर से तिरुवारूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 6:25 बजे)
- अपराहन 8:00 बजे तिरुवारूर से एट्टायलूर (तकेंवि में पहुँचने का समय लगभग अपराहन 8:30 बजे)

तकेंवि के कर्मचारी आवास के रास्ते से सरकारी बस का आवागमन:

- नन्नीलम से कर्मचारी आवास के रास्ते (पूर्वाह्न 6:30) तिरुवारूर बस अड्डे तक
- तिरुवारूर से कर्मचारी आवास के रास्ते (पूर्वाह्न 7:45) नन्नीलम तक बस अड्डे तक
- नन्नीलम से कर्मचारी आवास के रास्ते (पूर्वाह्न 8:30) तिरुवारूर बस अड्डे तक
- तिरुवारूर से कर्मचारी आवास के रास्ते (पूर्वाह्न 10:30) नन्नीलम बस अड्डे तक
- नन्नीलम से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 12:00) तिरुवारूर बस अड्डे तक
- तिरुवारूर से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 2:45) नन्नीलम बस अड्डे तक

- नन्नीलम से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 4:30) तिरुवारूर बस अड्डे तक
- तिरुवारूर से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 6:45) नन्नीलम बस अड्डे तक
- नन्नीलम से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 8:00) तिरुवारूर बस अड्डे तक
- तिरुवारूर से कर्मचारी आवास के रास्ते (अपराहन 9:15) नन्नीलम बस अड्डे तक

इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल

इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल '(आईआईसी)

इनोवेशन सेल एमओई की पहल है और देश भर के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में नवाचार की संस्कृति को व्यवस्थित रूप से बढ़ावा देने के उद्देश्य से एआईसीटीई परिसर में स्थापित किया गया है। इनोवेशन सेल का प्राथमिक जनादेश युवा छात्रों को नए विचारों और प्रक्रियाओं के लिए प्रोत्साहित करने, प्रेरित करने और उनका पोषण करने के लिए है , जो उच्च शिक्षा संस्थानों में नेटवर्क इनोवेशन क्लबों के माध्यम से अपने प्रारंभिक वर्षों में अभिनव गतिविधियों के परिणामस्वरूप हुए हैं।

एमआईसी ने चयनित एचईआई में 'इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी)' के निर्माण को प्रोत्साहित करने की कल्पना की है। इन आईआईसी का एक नेटवर्क संस्थान में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए स्थापित किया जाएगा ताकि परिसरों में नवाचार को बढ़ावा देने वाले पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा दिया जा सके।

आईआईसी के प्रमुख केंद्र:

1. एक जीवंत स्थानीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र बनाना
2. एचईआई में स्टार्ट-अप सपोर्टिंग मैकेनिज्म
3. नवाचार उपलब्धियों की रूपरेखा पर संस्थानों की अटल रैंकिंग के लिए तैयार करना
4. विचारों की खोज और विचारों के पूर्व-ऊष्मायन के लिए फंक्शन इकोसिस्टम स्थापित करना
5. प्रौद्योगिकी छात्रों के लिए बेहतर संज्ञानात्मक क्षमता विकसित करना।
6. इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी)

अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ

अंतर्राष्ट्रीय छात्र प्रकोष्ठ (आईएससी)

तकेंवि ने विविध क्षेत्रीय और सामाजिक-सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के छात्रों के साथ, एक ऐसा संस्कृतिक परिसर और वातावरण का निर्माण किया है जो असमानताओं का सम्मान करता है, समावेशिता को प्रोत्साहित करता है और विविधताओं को विश्वविद्यालय के मूल मंत्र के रूप में दर्शाता है। तकेंवि अत्यधिक प्रेरित व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है, जो अद्वितीय शैक्षिक अनुभव की तलाश में हैं।

एनआरआई/विदेशी नागरिकों के लिए प्रवेश हेतु दिशानिर्देश

तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत भारत सरकार के तहत द्वारा नामित विदेशी नागारिकों के आवेदन और स्व-वित्तपोषण योजना के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में सीधे प्रवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को प्रवेश के लिए केंद्रीय विश्वविद्यालयों के सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीयूसीईटी) में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है; हालाँकि, उन्हें किसी भारतीय या विदेशी विश्वविद्यालय / संस्थान की समकक्ष योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। विदेशी नागरिकों के लिए अधिसंख्य आधार पर प्रत्येक पाठ्यक्रम में कुल सीटों के 10% की सीमा तक प्रावधान उपलब्ध है।

अध्ययन कार्यक्रम और पात्रता मानदंड से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया www.cutn.ac.in देखें।

प्रो. ई.एम. शंकर
नोडल अधिकारी, विदेशी विद्यार्थियों का सीधा प्रवेश
समन्वयक,अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश
तमिलनाडु केन्द्रीय विश्वविद्यालय
नीलक्कुड़ी, तिरुवारूर 610 005
ईमेल: international@cutn.ac.in
दूरभाष: 00 9195 6657 4905/0098 6570 5280

एनएसएस और एनसीसी विवरण और संपर्क व्यक्ति

एनएसएस: समुदाय के प्रति निःस्वार्थ सेवा

तकेंवि में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की 4 इकाइयाँ हैं। वर्तमान में एनएसएस-तकेंवि में प्रथम वर्ष के नामांकन के 200 स्वयंसेवकों के साथ कुल 400 स्वयंसेवक हैं। जो छात्र समाज कल्याण गतिविधियों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व में सुधार करना चाहते हैं, वे एनएसएस में शामिल हो सकते हैं। एनएसएस नियमित सामाजिक कल्याण गतिविधियों जैसे वृक्षारोपण, सफाई, विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जाँच शिविर आदि और अंगीकृत गाँवों में हर साल 7 दिवस का विशेष शिविर आयोजित करता है। ये गतिविधियाँ छात्रों को दूसरों की मदद करने के साथ-साथ राष्ट्र की मदद करने का भाव उत्पन्न करेगी और वे राष्ट्र निर्माण गतिविधियों की ओर उन्मुख होंगी। एनएसएस में एक सक्रिय सदस्य होने के नाते, छात्र स्वयंसेवक निम्नलिखित बातों का अनुभव कर सकते हैं:

- एक कुशल सामाजिक नेता
- कुशल प्रशासक
- एक व्यक्ति जो मानव स्वभाव को समझता है

एनएसएस स्वयंसेवक होने का मुख्य लाभ यह है कि उन्हें विभिन्न सरकारी नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा गतिविधियों और कार्यक्रमों में भाग लेने का एक बड़ा मौका मिलेगा। एनएसएस का एकमात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा प्रदान करने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

संपर्क व्यक्ति:

डॉ. वी. गुणशेखरन**,** एनएसएस समन्वयक, ईमेल**: gunasekaran@cutn.ac.in**
डॉ. एस. सीतालक्ष्मी,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी,ईमेल**: seethalakshmis@cutn.ac.in**
डॉ. एस. सेंतिलकुमार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी,ईमेल**: senthilkumar@cutn.ac.in**
डॉ. एस. के. बालशण्मुगम, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी,ईमेल**: balashanmugam@cutn.ac.in**

एनसीसी

1988 में निर्धारित एनसीसी के 'उद्देश्य' समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और देश के वर्तमान सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में इससे अपेक्षित आवश्यकताओं को पूरा करना जारी रखते हैं। एनसीसी का उद्देश्य युवा नागरिकों में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, एक धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व के गुणों के साथ संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक समूह बनाना है, जो राष्ट्र की सेवा करेंगे, भले ही वे किसी भी करियर को चुनें। कहने की जरूरत नहीं है कि एनसीसी युवा भारतीयों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है।

- संगठित, प्रशिक्षित और प्रेरित युवाओं का एक मानव संसाधन तैयार करना, जीवन के सभी क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान करना और राष्ट्र की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध रहना।
- सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान करना।
- देश के युवाओं में चरित्र, भाईचारा, अनुशासन, नेतृत्व, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना और निःस्वार्थ सेवा के आदर्शों का विकास करना।

स्रोत: https://indiancc.nic.in/aim-of-ncc/

संपर्क व्यक्ति:
डॉ. जे. अशोक कुमार
एएनओ (एसडी), 5-दल सं., 2 (पी) इंडेप कॉय, एनसीसी कारैक्कल

डॉ. लेखा डी भट

एएनओ (एसडब्लू), दल सं., 2 (पी) इंडेप कॉय, एनसीसी कारैक्कल

उत्क्रम परासरण संयंत्र (आ रो)

क्र.सं.	स्थान	क्षमता
1	एनएलबीएस-I	250 ली/घंटा
2	एनएलबीएस -II	250 ली/घंटा
3	शैक्षिक भवन -III	250 ली/घंटा

4	प्रशासनिक ब्लॉक	250 ली/घंटा
5	रसायन विभाग	250 ली/घंटा
6	गणित विभाग	250 ली/घंटा
7	पदार्थ विज्ञान विभाग	250 ली/घंटा
8	एमआरएसएच	250 ली/घंटा
9	एनएमआरएसएच	250 ली/घंटा
10	छात्र सुविधा केंद्र (पीईबी)	250 ली/घंटा
11	300 सीट छात्र आवास	500 ली/घंटा
12	300 सीट छात्रा आवास	500 ली/घंटा

संपर्क कुंजी (प्रशासनिक और सहायता सेवाएँ)

प्रशासन (तकेंवि)		
शैक्षणिक अनुभाग	A001- प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277261
वित्त अनुभाग	A002- प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277321
प्रशासन	A012-प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277320
आई टी अनुभाग	B001-प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277290
कुलसचिव सचिवालय	F1-01-प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277230
कुलपति सचिवालय	प्रशासनिक ब्लॉक	04366 277351
सहायता सेवा		
एंबुलेंस	तकेंवि	04366 277566
एंबुलेंस	बाह्य	7947166810, 9597111195 and 8883174868
पुलिस कोतवाली	तिरुवारूर	04366 220228
	नन्निलम	04366 230449

स्वास्थ्य सेवा	तकेंवि	9442488404
तिरुवारूर चिकित्सा केंद्र	तिरुवारूर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सा केंद्र	04366 220040
	तिरुवारूर मेडिकल केंद्र	7550045678
	नव जीवन चिकित्सा केंद्र	9597035108
	वेंकटश्वरा चिकित्सा केंद्र	9750028115
	अरुण मेडिकल केंद्र	7947415500
	अंसारी ओर्थो विशेष केंद्र	7947415765
	लक्षणा चिकित्सा केंद्र	04366 240210
	वंडामपलई लाइंस आँख चिकित्सा केंद्र	04366 240099
	सूर्या चिकित्सा केंद्र	04366 242447
	एन जी डाइबिटीज़ स्वास्थ्य केंद्र	9489985222
अग्नि सुरक्षा एवं बचाव केंद्र	तिरुवारूर	04366 242101
	नन्निलम	04366 229101
रेल्वे आरक्षण	तिरुवारूर	https://www.irctc.co.in/
ऑनलाइन बस बुकिंग (SETC, SRS, TNSTC, KSRTC और Redbus)		http://www.setc.org.in/ https://www.srsbooking.com/ https://www.tnstc.in/TNSTCOnline/ https://www.ksrtc.in/ https://www.redbus.in/

बैंक: तकेंवि के प्रशासनिक ब्लॉक में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा एवं ए टी एम की सुविधा उपलब्ध

शाखा का नाम: भारतीय स्टेट बैंक , तकेंवि, नीलक्कुड़ी परिसर
शाखा कोड : 18724
आई एफ एस सी : SBIN0018724
कार्य समय : 10.00 पूर्वाह्न – 4.00 अपराह्न

डाक कार्यालय: डाक कार्यालय प्रशासनिक भवन में स्थित है

कार्य समय : 10.00 पूर्वाह्न – 3.00 अपराह्न
पिन कोड : 610 005

नजदीकी हवाई अड्डा

हवाई अड्डे का नाम	शहर	IATA कोड	दूरी
तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	तिरुचिरापल्ली	TRZ	102.71 किमी
पॉण्डिचेरी सिविल हवाई अड्डा	पॉण्डिचेरी	PNY	175 किमी
मदुरै अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मदुरै	IXM	199.35 किमी
चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	चेन्नई	MAA	253.59 किमी
कोयंबटूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोयंबत्तूर	CJB	286.1 किमी
केंपेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीयअड्डा	बैंगलोर	BLR	343.17 किमी
कोच्चिन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कोच्चि	COK	361.67 किमी
त्रिवेंद्रम अंतर्राष्ट्रीयहवाई अड्डा	तिरुवनंतपुरम	TRV	392.52 किमी
कालिकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	कालिकट	CCJ	405.42 किमी
मंगलोर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा	मंगलोर	IXE	572.51 किमी

केंद्रीय विद्यालय – तकेंवि तिरुवारूर

केंद्रीय विद्यालय तकेंवि तिरुवारूर की स्थापना वर्ष 2013 में की गई थी। के.वि. तकेंवि मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी) के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविएस) द्वारा संचालित लोकप्रिय के.वि. विद्यालयों में से एक है। केंद्रीय विद्यालय तकेंवि तिरुवारूर, तमिलनाडु केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर, तिरुवारूर तमिलनाडु-610005 में स्थित है।

के.वि. तकेंवि तिरुवारूर एक सह-शिक्षा विद्यालय है, यह छात्रों और शिक्षकों के लिए उचित सुविधाओं

और सुव्यवस्थित बुनियादी ढाँचे से सुसज्जित है जो सीखने के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करता है। केंद्रीय विद्यालय तकेंवि तिरुवारूर केवीएस चेन्नै रीजन के अंतर्गत आता है।

केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति

प्रो.एम. कृष्णन्
कुलपति, तकेंवि
अध्यक्ष

प्रो. ई.एम. शंकर
जैव प्रौद्योगिकी विभाग, तकेंवि

डॉ. दीपक एम सकाते
सांख्यिकी एवं अनुप्रयुक्त गणित विभाग, तकेंवि

डॉ. के. बालसुब्रमणि
भूगोल विभाग, तकेंवि

डॉ. जी. रमेश
तमिल विभाग, तकेंवि

श्रीमती एन. मैथिली, तिरुवारूर

श्रीमती जयंती, तिरुवारूर

डॉ. के. विष्णु प्रिया
चिकित्सा अधिकारी

डॉ. बी. राधा
मीडिया एवं संचार विभाग, तकेंवि

श्री. विजय आनंद
शिक्षक, केवि- तिरुवारूर

श्री. के. आरुमुगम, प्राचार्य(प्रभारी)
सदस्य सचिव

डॉ. के. सेतुरामन, पदार्थ विज्ञान, तकेंवि

श्री. जितेंद्र स्वामी, कार्यकारी अभियंता, सीपीडब्लूडी, तिरुवारूर

संपादकीय मण्डल

1. प्रो. सिगामनी. पी, संकायाध्यक्ष, व्यावहारिक विज्ञान विद्यापीठ - अध्यक्ष
2. प्रो. ए. सेल्वम, संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण - सदस्य
3. प्रो. ई. एम. शंकर, आचार्य, जैवप्रौद्योगिकी विभाग- सदस्य
4. डॉ. बिजु के, सहायक आचार्य, शिक्षा विभाग – सदस्य
5. डॉ. वी गुणशेखरन, सहायक आचार्य, पदार्थ विज्ञान विभाग - सदस्य
6. डॉ. फ्रांसिस फिलिप बार्क्ले, सहायक आचार्य, मीडिया एवं संचार विभाग – सदस्य
7. श्री टी पी गिरीश्वरन, कनिष्ठ व्यावसायिक सहायक – सदस्य
8. श्री सन्मति जिनेंद्रन जैन, अर्ध- व्यावसायिक सहायक, केन्द्रीय पुस्तकालय – सदस्य
9. डॉ. एन बूबालकृष्णन, सहायक आचार्य, मीडिया एवं संचार विभाग - समन्वयक